# प्रवेश–प्रपत्र

## कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन (म.प्र.)

## राष्ट्रीय कालिदास चित्र एवं मूर्तिकला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी, 2026

**विषय - मेघदूतम्**



# National Kalidasa Painting & Sculpture Competition and Exhibition 2026

**Subject - MEGHDOOTAM**

All India Kalidas Festival, Ujjain (M.P.)
20 to 26 November, 2026 (Vikram Samvat 2083)

अखिल भारतीय कालिदास समारोह, उज्जैन (म.प्र.)
20 से 26 नवम्बर, 2026 (विक्रम संवत् 2083)

# कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन (म.प्र.)

# राष्ट्रीय कालिदास प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी, 2026

(पारम्परिक भारतीय चित्र एवं मूर्तिकला)

मध्यप्रदेश
संस्कृति परिषद्

## विषय - मेघदूतम्

कलाकृतियाँ जमा करने की अंतिम तिथि 05 अक्टूबर, 2026

# राष्ट्रीय कालिदास प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी, 2026
## (पारम्परिक भारतीय चित्र एवं मूर्तिकला)

### 1. संस्था

इस बोधिका में अकादमी से तात्पर्य मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्, भोपाल के अन्तर्गत कार्यरत कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन से होगा।

### 2. विषय

राष्ट्रीय कालिदास चित्र एवं मूर्तिकला प्रतियोगिता–प्रदर्शनी वर्ष 2026 के लिये मेघदूतम् विषय निर्धारित किया गया है। मेघदूतम् महाकवि कालिदास रचित प्रसिद्ध खण्डकाव्य है। इस खण्डकाव्य में वर्णित किसी प्रसंग या दृश्य को भलीभाँति समझकर उसके आधार पर कलाकार अपनी कलाकृतियाँ बना सकते हैं। कलाकारों से अपेक्षा है कि उनकी कलाकृति महाकवि कालिदास की कलादृष्टि से अनुप्राणित हो साथ ही वह मौलिक एवं नवीन चित्र/मूर्ति हो।

### 3. शैली

कलाकृतियाँ कलाकार की स्वयं रचित एवं सृजित मौलिक कृति होना चाहिये। पारम्परिक भारतीय रीतिबद्ध जैसे–मालवी, किशनगढ़, राजपूताना, मधुबनी, मुगलकालीन, कांगड़ा या इसी प्रकार की अन्य पारम्परिक शैली अथवा पारम्परिक भारतीय लोक (ग्रामीण) शैली में निर्मित चित्र एवं मूर्ति शिल्प ही स्वीकृत होंगे। इसमें सामयिक प्रयोगवादी शैलियों की कलाकृतियाँ स्वीकार नहीं की जायेंगी। नवम्बर, 2025 के पश्चात् निर्मित कलाकृतियाँ ही स्वीकार की जायेंगी। **शैली के निर्धारण में निर्णायक मण्डल का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।**

### 4. पुरस्कार

कुल पाँच पुरस्कार (रुपये 1,00,000/– रुपये एक लाख प्रत्येक) दिये जायेंगे। इनमें चित्रकला के लिये चार पुरस्कार तथा मूर्तिकला के लिये एक पुरस्कार निर्धारित है। अकादमी द्वारा इन पुरस्कारों के अतिरिक्त कोई पुरस्कार अथवा प्रशंसा प्रमाणपत्र नहीं दिया जायेगा, **पुरस्कृत कलाकारों को पुरस्कार प्राप्त वर्ष से अग्ले सात वर्ष तक पुरस्कार प्राप्त करने की पात्रता नहीं होगी। पुरस्कार प्राप्त कलाकार अपनी कलाकृतियाँ अप्रतियोगितार्थ प्रस्तुत कर सकते हैं।**

## National Kalidasa Competition & Exhibition, 2026
### (Traditional Indian Painting and Sculpture)

1. **Institution:**

   In this prospectus Akademi is meant for Kalidasa Sanskrit Akademi, Ujjain which is working under Madhya Pradesh Sanskriti Parishad, Bhopal.

2. **Subject:**

   The theme **MEGHDOOTAM** has been proposed for the National Kalidasa Painting and Sculpture Competition-Exhibition for the year 2026. **MEGHDOOTAM** is a famous epic poem composed by the great poet Kalidasa. Artists can create their artworks on the basis of understanding any context or scene described in this epic. It is expected from the artists that their artwork should be inspired by the artistic vision of Mahakavi Kalidasa as well as it should be an original and innovative picture/statue.

3. **Style:**

   The artworks must be original one and created by the artist him/her self. Artwork of traditional Indian customs such as Malvi, Kishangarh, Rajputana, Madhubani, Mughal period, Kangra or similar traditional styles or paintings and sculptures made in traditional Indian folk (rural) style will be accepted. **Artworks of contemporary experimentalist styles will not be accepted in this Competition**. Only artworks created after November, 2025 will be accepted. In determining the style, the decision of the jury will be final and universal.

4. **Prizes:**

   **A total of five awards (Rs. 1,00,000/- Rupees One Lakh each) will be given.** Of these, four awards are for painting and one award is for sculpture. Apart from these awards, no award or appreciation certificate will be given by the Academy. Award winning artists will not be eligible to receive the award for the next seven years from the year of receiving the award. Award winning artists can submit their artworks for non-competition.

## 5. अन्तिम तिथि

संलग्न प्रवेश पत्र एवं कलाकृति भेजने की अन्तिम तिथि **05 अक्टूबर, 2026**, **सोमवार** समय सायं 05:00 बजे तक है। अन्तिम तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त कलाकृतियाँ किसी भी अवस्था में स्वीकार नहीं की जायेंगी।

## 6. कलाकृति

कलाकृति किसी भी अवस्था में फ्रेम सहित 1 x 1 मीटर से बड़ी नहीं होना चाहिये। चित्र का फ्रेम मजबूत होना चाहिये। फ्रेम के पीछे हुक लागाना अनिवार्य है। काँच का उपयोग नहीं होना चाहिये। बिना फ्रेम के चित्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। मूर्ति कलाकृति सामान्यतः पत्थर, संगमरमर, धातु, फायबर अथवा लकड़ी जैसे टिकाऊ पदार्थों से निर्मित होनी चाहिये। किसी भी पूर्व प्रदर्शनी में प्रदर्शित कोई भी चित्र या मूर्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। प्रतियोगिता हेतु एक कलाकार की दो से अधिक कलाकृतियाँ स्वीकार नहीं की जायेंगी। संलग्न अभिज्ञान–पत्र को पूर्णतः भरकर कलाकृति के पीछे चिपकाना आवश्यक है। अभिज्ञानपत्र में कलाकार का नाम, पता, हस्ताक्षर, कलाकृति का शीर्षक, माध्यम, शैली, आकार, अंक तथा श्लोक सहित सन्दर्भ का उल्लेख होना चाहिए।

कलाकृतियों को देश के विभिन्न स्थानों में प्रदर्शित करने या न करने के लिए अकादमी अधिकृत रहेगी। चयनित कलाकृतियों के प्रकाशन का अधिकार अकादमी को होगा। अप्रतियोगितार्थ प्राप्त कलाकृतियाँ भी निर्णायक मण्डल के समक्ष रखी जायेंगी तथा उनकी अनुशंसा के आधार पर ही प्रदर्शित की जायेंगी। कलाकार को अपने हित में तथा सुरक्षा की दृष्टि से कलाकृति का बीमा कराना चाहिये। किसी भी स्थिति में अकादमी कलाकृति के प्राप्त करने या वापस भेजने में हुई किसी भी प्रकार की क्षति का कोई दायित्व वहन नहीं करेगी। नियम विरुद्ध होने पर किसी भी कलाकृति को अस्वीकृत करने का अधिकार अकादमी को होगा।

## 7. प्रवेश–प्रपत्र

प्रवेश–प्रपत्र के साथ कलाकार को अपना रंगीन छायाचित्र सहित संक्षिप्त परिचय भेजना होगा। प्रवेश–प्रपत्र पर वर्तमान एवं स्थायी पता, दूरभाष क्रमांक, ई–मेल आदि सुस्पष्ट अक्षरों में लिखें। इसमें कलाकृति का शीर्षक, माध्यम, शैली, आकार तथा सन्दर्भ (अंक तथा श्लोक) के उल्लेख के साथ कलाकार का हस्ताक्षर माबाइल नम्बर सहित प्रेषित करना अनिवार्य है। अपूर्ण प्रवेश–प्रपत्र निरस्त कर दिया जायेगा। प्रवेशपत्र की छायाप्रतियाँ भी स्वीकार की जाएँगी। प्रवेशपत्र अकादमी की वेबसाइट www.kalidasacademy.com से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

5. **Last Date:**

**Enclosed entry-form and exhibits should reach the Akademi by .... Octomber 2026 - ......day, Time - 05:00 pm . Exhibits will not be accepted in any condition after the last date and Time.**

6. **Exhibits:**

The artwork should not exceed 1 x 1 meter in size, including the frame. The frame of the painting should be sturdy. Hooks must be attached to the back of the frame. Glass should not be used. Unframed paintings will not be accepted. Sculptures should generally be made of durable materials such as stone, marble, metal, fiber, or wood. No painting or sculpture exhibited in a previous exhibition will be accepted. No more than two artworks by an artist will be accepted for the competition. The enclosed form of identification must be completed and affixed to the back of the artwork. The form must include the artist's name, address, signature, title of the artwork, medium, style, size, number, and reference, including verses.The Academy reserves the right to exhibit or not exhibit the artworks at various locations across the country. The Academy reserves the right to publish the selected artworks. Artworks received outside the competition will also be presented to the jury and exhibited only on their recommendation. The artist should insure the artwork for their own benefit and safety. Under no circumstances will the Academy assume any responsibility for any damage to the artwork in the receipt or return of the artwork. The Academy reserves the right to reject any artwork that violates its rules.

7. **Entry Form:**

Along with the entry form, the artist must submit a brief introduction, including a color photograph. Write your current and permanent address, telephone number, and email address in bold letters on the entry form. It is mandatory to include the artwork's title, medium, style, size, and reference (numbers and verses), along with the artist's signature and mobile number. Incomplete entries will be rejected. Photocopies of the entry form will also be accepted. Incomplete entry-form will be cancelled. If any one needed admit card other than Bodhika he may Download Admit card directly from website of kalidas Akademi **www.kalidasacademy.com**

## 8. प्रवेश–शुल्क

प्रवेश शुल्क के रूप में रु. 500/– (रुपये पाँच सौ केवल) जो डायरेक्टर एम.पी. संस्कृति परिषद् कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन के खाता क्रमांक 10441212136, बैंक का नाम–भारतीय स्टेट बैंक, शाखा–माधवनगर, उज्जैन, IFSC-SBIN0001309 को देय हो। प्रवेश–पत्र जमा करते समय प्रवेश–पत्र के साथ जमा की गई राशि की रसीद संलग्न करना अनिवार्य है। इसके अभाव में प्रवेश–प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। **बैंक ड्राफ्ट, चेक एवं नगद राशि स्वीकार नहीं होगी।**

इस क्यूआर कोड से प्रवेश शुल्क जमा करें।

## 9. कलाकृतियों की प्राप्ति

अकादमी में कलाकृति व्यक्तिगत रूप से अथवा किसी प्रतिनिधि के द्वारा, वायुमार्ग, रेलमार्ग, सड़क परिवहन, कोरियर, डाक द्वारा भी भेजी जा सकती है। कलाकृति को अकादमी में सुरक्षित पहुँचाने की जिम्मेदारी कलाकार की ही होगी।

## 10. कलाकृतियों की वापसी

कलाकृतियाँ वापस लेने की जिम्मेदारी मुख्यतः कलाकार की होगी। सुविधानुसार अकादमी द्वारा कोरियर अथवा रेलमार्ग द्वारा प्राप्त कलाकृतियों को, जहाँ तक हो सके, प्रदर्शनी के तीन माह के अन्दर उन्हीं आवरणों में वापस कोरियर या रेलमार्ग से भेजने का प्रबन्ध किया जायेगा, जिनमें वे प्राप्त हुई थीं, बशर्ते कलाकार ने कलाकृति की वापसी के लिये राशि भेजी हो। यह राशि एक चित्र के लिये 1200/– रुपये तथा दो चित्रों के लिये 2000/– रुपये निर्धारित है। यह राशि डायरेक्टर एम.पी. संस्कृति परिषद् कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन के खाता क्रमांक 10441212136, बैंक का नाम–भारतीय स्टेट बैंक, शाखा–माधवनगर, उज्जैन, IFSC-SBIN0001309 में जमा करवानी होगी। राशि जमा करने की रसीद प्रवेश–प्रपत्र के साथ संलग्न करने पर ही अकादमी द्वारा कलाकृति वापस भेजी जा सकेगी। यदि कोई कलाकृति अपरिहार्य कारण से नियत अवधि में नहीं भेजी जा सकी तो उस कलाकृति को ले जाना कलाकार का दायित्व होगा। ऐसी स्थिति में कलाकृति वापस भेजने के लिए कलाकार द्वारा जमा की गयी राशि वापस कर दी जायेगी। जिन्होंने कलाकृतियों को व्यक्तिगत रूप से अथवा प्रतिनिधि के द्वारा जमा करवाया है, कलाकार को अथवा प्रतिनिधि को प्रदर्शनी समाप्ति के पश्चात् 28 फरवरी, 2027 तक अपनी कलाकृतियों को प्राप्त कर लेना आवश्यक होगा। उक्त अवधि व्यतीत होने के पश्चात् कलाकृति स्वतः ही अकादमी की सम्पत्ति होगी।

**8. Entry Fee:**

Admission fee of Rs. 500/- (Rupees Five Hundred only) payable to Director M.P. Sanskriti Parishad Kalidas Sanskrit Academy, Ujjain, Account No. 10441212136, Bank Name- State Bank of India, Branch- Madhavnagar, Ujjain, IFSC-SBIN 0001309. While submitting the admission form, it is mandatory to attach the receipt of the amount deposited with the admission form. In its absence the admission form will not be accepted. Bank draft, cheque and cash will not be accepted.

Pay the admission fee using this QR code.

**9. Deposit of Exhibits:**

The artwork can be sent to the Academy in person or through a representative, by air, rail, road transport, courier or post. It will be the responsibility of the artist to deliver the artwork safely to the Academy.

**10. Return of Exhibits:**

The responsibility of taking back the artworks will be primarily of the artist. As far as possible, arrangements will be made to send back the artworks received by the Academy through courier or rail within three months of the exhibition in the same covers in which they were received, provided the artist has sent the money for the return of the artwork. This amount is fixed at Rs. 1200/- for one painting and Rs. 2000/- for two paintings. This amount will have to be deposited in the account number 10441212136 of Director M.P. Sanskriti Parishad Kalidas Sanskrit Academy, Ujjain, Bank Name- State Bank of India, Branch- Madhavnagar, Ujjain, IFSC-SBIN0001309. The artwork will be sent back by the Academy only after the receipt of depositing the amount is attached with the entry form. If any artwork is not sent within the stipulated period due to unavoidable reasons, then it will be the responsibility of the artist to take back that artwork. In such a situation, the amount deposited by the artist for sending back the artwork will be refunded. Those who have submitted artworks personally or through representatives, the artist or the representative will be required to collect their artworks after the exhibition is over by 28 February 2027. After the said period, the artwork will automatically become the property of the Academy.

## 11. चयन

निदेशक, कालिदास संस्कृत अकादमी द्वारा निर्णायक मण्डल का गठन किया जायेगा। निर्णायक मण्डल नियमानुसार प्राप्त कलाकृतियों को प्रदर्शनी तथा पुरस्कार के लिए चयन कर अनुशंसा करेगा। पुरस्कार की राशि का विभाजन नहीं किया जाए, यह ध्यान में रखकर निर्णायक मण्डल अनुशंसा करेंगे। किसी भी पुरस्कार को घोषित करने या न करने, प्रदान करने या न करने का पूर्ण अधिकार अकादमी को होगा। जो कलाकृतियाँ व प्रवेश–प्रपत्र नियमानुसार नहीं होंगे, उन्हें निर्णायकों के सामने नहीं रखा जायेगा। निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायालयीन कार्यक्षेत्र उज्जैन (म.प्र.) होगा।

## 12. पुरस्कृत कलाकृतियाँ

**राष्ट्रीय कालिदास चित्र एवं मूर्तिकला प्रतियोगिता 2026 में पुरस्कृत कलाकृतियाँ अकादमी की सम्पत्ति होगी। इन्हें किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जायेगा।**

## 13. विक्रय

प्रदर्शनार्थ चयनित कलाकृति विक्रय की जा सकेगी, किन्तु विक्रय–मूल्य का 15 प्रतिशत कलाकार द्वारा अकादमी को देय होगा।

## 14. प्रदर्शनी विवरण–पुस्तिका (केटलॉग)

भाग लेने वाले सभी कलाकारों को राष्ट्रीय कालिदास चित्र एवं मूर्तिकला प्रतियोगिता–प्रदर्शनी, 2026 की विवरण–पुस्तिका (केटलॉग) निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी।

## 15. शपथ पत्र

भाग लेने वाले समस्त कलाकारों को शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिसका पत्रक संलग्न है।

x...x...x

**11. Selection:**

The Director, Kalidas Sanskrit Academy will constitute a jury. The jury will select the artworks received as per the rules and make recommendations for the exhibition and award. The jury will make recommendations keeping in mind that the prize money should not be divided. The academy will have full authority to declare or not declare any award, to award or not to award. Artworks and entry forms which are not as per the rules will not be placed before the judges. The decision of the judges will be final and acceptable to all. In case of any dispute, the jurisdiction of the court will be Ujjain (M.P.).

**12. Awarded Exhibits :**

**Awarded artworks in the National Kalidasa Painting and Sculpture Competition 2026 will be the property of the Akademi. These will not be returned.**

**13. Sale :**

**The artwork selected for display can be sold, but 15 percent of the sale price will be payable by the artist to the Akademi.**

**14. Catalogue:**

A free copy of the catalogue of National Kalidasa Exhibition, 2026 will be provided to all participants.

**15. Affidavit:**

It will be mandatory for all the participating artists to submit an affidavit, which is attached in the details .

x...x...x

कलाकृति के साथ इस प्रवेश–प्रपत्र को भरना अनिवार्य है।

राष्ट्रीय कालिदास चित्र एवं मूर्तिकला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी, 2026

20 से 26 नवम्बर, 2026

**प्रवेश – प्रपत्र**

| | |
|---|---|
| प्रतियोगिता के लिये | |
| प्रतियोगिता के लिये नहीं | |

(किसी एक में सही चिह्न (✓) लगायें)

| माध्यम | कलाकृति का आकार | प्रस्तावित विक्रय मूल्य |
|---|---|---|
| | | |

प्रति,
निदेशक,
कालिदास संस्कृत अकादमी,
विश्वविद्यालय मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) – 456010

महोदय,

मैं निम्न विवरण के अनुसार कलाकृति / कलाकृतियाँ प्रदर्शनी के लिये भेज रहा / रही हूँ। कलाकृतियों को पारम्परिक भारतीय रीतिबद्ध / लोककला शैली अनुभाग में सम्मिलित करें।

खण्ड ...................... श्लोक सं ......................

क्रमांक – 1

कलाकृति / मूर्ति का शीर्षक – ____________________

सन्दर्भ खण्ड तथा श्लोक संख्या सहित मेघदूतम् का श्लोक – ____________________

____________________

____________________

खण्ड ...................... श्लोक सं ......................

क्रमांक – 2

कलाकृति / मूर्ति का शीर्षक – ____________________

सन्दर्भ खण्ड तथा श्लोक संख्या सहित मेघदूतम् का श्लोक – ____________________

____________________

____________________

## घोषणा

1. मैं प्रमाणित करता / करती हूँ कि ऊपर लिखित कलाकृतियाँ मेरी मौलिक रचनाएँ हैं और इससे पूर्व किसी भी प्रदर्शनी में सम्मिलित नहीं हुई हैं।
2. ये कलाकृतियाँ कालिदास समारोह–2025 के बाद निर्मित की गयी हैं।
3. निर्णायक मण्डल का निर्णय मुझे पूर्णतः मान्य होगा।
4. प्रवेश–शुल्क के लिये रुपये 500/– मात्र का भुगतान डायरेक्टर, एम.पी. संस्कृति परिषद् कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन के नाम से खाता क्रमांक 10441212136 भारतीय स्टेट बैंक, शाखा माधवनगर, उज्जैन, IFSC - SBIN0001309 पर कर दिया है अथवा प्रवेश प्रपत्र में अंकित क्यू.आर.कोड़ के माध्यम से भुगतान कर दिया है। (रसीद संलग्न है)
5. कोरियर अथवा रेलमार्ग से अपनी कलाकृति वापस प्राप्त करने के लिए एक कलाकृति का रुपये 1200/–(एक हजार दो सौ रुपये मात्र) तथा दो कलाकृतियों का रुपये 2000/– (दो हजार रुपये मात्र) का भुगतान डायरेक्टर एम.पी. संस्कृति परिषद् कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन के नाम से कर दिया है अथवा प्रवेश प्रपत्र में अंकित क्यू.आर.कोड़ के माध्यम से भुगतान कर दिया है। (रसीद संलग्न है)
6. कलाकृतियों को अकादमी तक पहुँचाना तथा वहाँ से प्राप्त करना मेरा उत्तरदायित्व होगा।
7. **मेरी कलाकृति पुरस्कृत होती है तो वह कलाकृति अकादमी की सम्पत्ति होगी।**
8. बोधिका में दिये गये सभी नियम एवम् शर्तें मुझे मान्य हैं।

***कलाकार के हस्ताक्षर***

कलाकार का पूरा नाम ____________________

पता ____________________

____________________

मोबाइल नं. ____________________

(कृपया नाम व पता सुस्पष्ट अक्षरों में लिखें)

**भुगतान हेतु क्यू.आर.कोड**

**अन्तिम तिथि**

प्रवेश–पत्र एवं कलाकृति के लिये
5 अक्टूबर, 2026, सोमवार
समय – सायं 05:00 बजे तक

Filling out this form along with the artwork is mandatory.

# National Kalidasa Competition & Exhibition, 2026 Painting & Sculpture

20 to 26 November, 2026

## ENTRY FORM

| | |
|---|---|
| For Competition | |
| Not for Competition | |

(Tick (✓) either anyone)

To,
The Director,
Kalidasa Sanskrit Akademi,
University Road, Ujjain - 456010 (M.P.)

| Medium | Size of Painting | Proposed price for sale |
|---|---|---|
| | | |

Sir,

I am sending my exhibit/s as per following details. The exhibits may please be included in the Traditional Indian Conventional/Folk art section of the exhibition.

Act ......... Verse No. .........

(1) Title of Exhibit - ____________________

Reference Verse from **Meghdootam** with Act and Verse Number - ____________________

____________________

Act ......... Verse No. .........

(2) Title of Exhibit - ____________________

Reference Verse from **Meghdootam** with Act and Verse Number - ____________________

____________________

## DECLARATION

1. I certify that the artworks mentioned above are my original works and have not been included in any exhibition before.
2. These artwork have been created after Kalidasa Samaroh-2025.
3. I will humbly accept the decision of the jury.
4. Entry fee of Rs 500/- only has to be paid through to Director, M.P. Account number 10441212136 has been registered in the name of Sanskriti Parishad Kalidas Sanskrit Academy, Ujjain at State Bank of India, Branch Madhavnagar, Ujjain, IFSC- SBIN0001309 Or payment has been made through the QR code mentioned in the admission form. (receipt attached)
5. To get your artwork back by courier or railways, pay Rs.1200/- (Rupees one thousand two hundred only) for one artwork and Rs.2000/- (Rupees two thousand only) for two artworks through Director, M P Sanskriti Parishad Kalidas Sanskrit Akademi, Ujjain Or payment has been made through the QR code mentioned in the admission form. (Receipt attached)
6. It will be my responsibility to deliver the artworks to and from the Akademi.
7. **If my artwork gets rewarded then that artwork will be the property of the Akademi.**
8. All the terms and conditions given in the brochure are acceptable to me.

***Artist's Signature***

Full Name of the Artist ____________________

Address ____________________

____________________

Mobile No. ____________________

*(Kindly write the Name and address in block letters)*

QR code for payment

**LAST DATE**

For Entry form and Exhibits:
Monday, 5 October, 2026
Time - 05 : 00 PM

राष्ट्रीय कालिदास चित्र एवं मूर्तिकला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी, 2026

National Kalidasa Painting & Sculpture Competition & Exhibition, 2026

## आत्म–परिचय
(कृपया इसे प्रवेश–प्रपत्र के साथ संलग्न करें)

## BIO-DATA
(Please enclose it with the entry form)

पासपोर्ट साइज का नवीन रंगीन छायाचित्र यहाँ चिपकायें
Paste Passport size latest colour Photograph here

1. नाम
Name

2. जन्मतिथि
Date of Birth

3. शैक्षणिक योग्यता
Educational Qualification

4. अनुभव
Experience

5. अर्जित पुरस्कार / सम्मान / शिक्षावृत्ति आदि
Obtained Prizes/Awards/Scholarships etc.

6. कला–प्रदर्शनियाँ
Art-Exhibitions

7. चित्र / मूर्ति संग्रह
Painting /Sculpture Collection

8. स्थाई पता एवं मोबाइल नम्बर
Permanent Address with Mobile No.

कलाकृति के साथ इस फार्म को भरना अनिवार्य है।
Filling out this form along with the artwork is mandatory.

हस्ताक्षर /Signature

राष्ट्रीय कालिदास
प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी, 2026

National Kalidasa
Competition & Exhibition, 2026

**कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन**
KALIDASA SANSKRIT AKADEMI, UJJAIN

**अभिज्ञान-पत्र**
**LABEL**

कलाकार का नाम
Name of the Artist

स्थान
Place

शीर्षक
Title

माध्यम
Medium

**अनुभाग / SECTION**

रीतिबद्ध / लोककला
Conventional / Folk

**सन्दर्भ / REFERECNCE**

मेघदूतम्
**Meghdootam**

श्लोक संख्या
**Verse No.**

**श्लोक / VERSE**

विक्रय मूल्य
Sale Price

कलाकृति के साथ इस फार्म को भरना अनिवार्य है।
Filling out this form along with the artwork is mandatory.

हस्ताक्षर /Signature

राष्ट्रीय कालिदास
प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी, 2026

National Kalidasa
Competition & Exhibition, 2026

**कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन**
KALIDASA SANSKRIT AKADEMI, UJJAIN

**अभिज्ञान-पत्र**
**L A B E L**

कलाकार का नाम
Name of the Artist

स्थान
Place

शीर्षक
Title

माध्यम
Medium

**अनुभाग / SECTION**

रीतिबद्ध / लोककला
Conventional / Folk

**सन्दर्भ / REFERECNCE**

मेघदूतम्
**Meghdootam**

श्लोक संख्या
**Verse No.**

**श्लोक / VERSE**

विक्रय मूल्य
Sale Price ____________________

कलाकृति के साथ इस फार्म को भरना अनिवार्य है।
Filling out this form along with the artwork is mandatory.

हस्ताक्षर /Signature

# राष्ट्रीय कालिदास प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी, 2026

## पारम्परिक भारतीय चित्र एवं मूर्तिकला

## शपथ–पत्र

नाम –

पिता/पति का नाम –

जन्म तिथि –

मोबाइल नम्बर –

स्थाई पता –

1. मैं शपथगृहीता शपथ पूर्वक सत्य कथन करता/करती हूँ कि इस वर्ष की राष्ट्रीय कालिदास चित्र एवं मूर्तिकला प्रतियोगिता (प्रदर्शनी) में प्रस्तुत कलाकृति (चित्र/मूर्ति) मेरी मौलिक रचना है। यह रचना किसी भी व्यक्ति विशेष की न तो प्रतिकृति है न ही उससे प्रभावित है। यह मेरी मौलिक रचना एवं कल्पना है एवं इस कलाकृति (चित्र/मूर्ति) को निर्मित किये हुए एक वर्ष से अधिक समय व्यतीत नहीं हुआ है। यह कलाकृति पहले कहीं ओर प्रदर्शित नहीं की गई है ओर न ही मेरी इस कलाकृति को किसी भी प्रकार का पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

2. मैं शपथगृहीता शपथ पूर्वक सत्य कथन करता/करती हूँ कि मुझे अखिल भारतीय कालिदास समारोह के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय कालिदास चित्र एवं मूर्तिकला प्रतियोगिता (प्रदर्शनी) में पुरस्कार प्राप्त नहीं हुआ है अथवा वर्ष ..................... में पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

3. मैं शपथगृहीता शपथ पूर्वक सत्य कथन करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा राष्ट्रीय कालिदास चित्र एवं मूर्तिकला प्रतियोगिता (प्रदर्शनी) में प्रस्तुत कलाकृति यदि 28 फरवरी, 2027 तक वापस नहीं ले गया/ले गयी तो मेरी कलाकृति/मूर्ति स्वतः कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन की सम्पत्ति हो जायेगी।

दिनांक .....................

स्थान ..................... हस्ताक्षर ..............................

## सत्यापन

मैं शपथग्रहीता शपथ पूर्वक सत्य कथन करता/करती हूँ कि उक्त शपथ पत्र के क्रमांक 1 से 3 में अंकित विवरण मेरे निजी ज्ञान में सत्य एवं सही है। मैंने इसमें कुछ भी छुपाया नहीं है।

दिनांक .....................

स्थान ..................... हस्ताक्षर ..............................

National Kalidasa Competition and Exhibition 2026
Traditional Indian Painting & Sculpture

## Affidavit

Name -

Father's / Husband's name -

Date of birth -

Mobile number -

Permanent address -

1. I, the affidavit, solemnly declare that the artwork (painting/sculpture) presented in this year's National Kalidasa Painting and Sculpture Competition (Exhibition) is my original creation. This creation is neither a replica of any particular person nor is it influenced by him. This is my original creation and imagination and not more than a year has passed since this artwork (painting/sculpture) was created. This artwork has not been displayed anywhere before, nor has this artwork of mine received any kind of award.
2. I, the affidavit, do solemnly state that I have not received a prize in the National Kalidasa Painting and Sculpture Competition (Exhibition) organized on the occasion of the All India Kalidas Samaroh or received a prize in the year .................. Is.
3. I, the affidavit, solemnly state the truth that if the artwork presented by me in the National Kalidasa Painting and Sculpture Competition (Exhibition) is not taken back by 28 February, 2027, then my artwork will automatically become the property of Kalidasa Sanskrit Akademi, Ujjain.

Date ...................... Signature ..................
Place ...............

## Verification

I the affidavit, do solemnly state that the particulars mentioned in serial no. 1 to 3 of the above affidavit are true and correct to the best of my personal knowledge. I have not hidden anything in this.

Date ...................... Signature ..................
Place ...............

मध्यप्रदेश
संस्कृति परिषद्

विश्वविद्यालय मार्ग, उज्जैन 456010 दूरभाष (0734) 3561407
Visit us : www.kalidasacademy.ocm / Email : kalidasaakademi@gmail.com